# हिन्दी

## अध्याय-13: नृत्यांगना सुधा चंद्रन




SHIVOM CLASSES 8696608541

## NCERT SOLUTIONS

## पाठ से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 77)

**-रामाज्ञा तिवारी**

प्रश्न 1 सुधा के स्वप्नों की इंद्रधनुषी दुनिया में अँधेरा कैसे छा गया?

उत्तर- जब एक दुर्घटना में सुधा चंद्रन का पैर काटना पड़ा, तब उनकी इंद्रधनुषी दुनिया में अँधेरा छा गया। वह नृत्यांगना बनना चाहती थीं और उसके लिए वह नृत्य सीखती थी। परन्तु अचानक हुई दुर्घटना ने उनके सपने को तोड़ दिया।

प्रश्न 2 डॉ. सेठी ने सुधा के लिए क्या किया?

उत्तर- डॉ. सेठी ने अपने अनुभवों के निचोड़ से सुधा के लिए ऐसा कृत्रिम पाँव बनाया, जिससे उन्हें नृत्य करने में अधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस तरह उन्होंने सुधा का सपना साकार किया और उनके जीवन को एक नई दिशा प्रदान की। आगे चलकर सुधा उनके बनाए कृत्रिम पैर के सहारे नृत्य करने में सफल हो पायी।

प्रश्न 3 सुधा पूरे भारत में कैसे लोकप्रिय हो गई?

उत्तर- सुधा नकली पैर के सहारे नृत्य करने में कामयाब हुई थी। उसने साबित कर दिया था कि विकलांगता अभिशाप नहीं है। यदि मनुष्य चाहे तो क्या नहीं कर सकता है। लोगों के लिए यह आश्चर्य की बात थी। उनकी प्रतिभा लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई। वह पूरे भारत में अपने मनोबल तथा साहस के लिए लोकप्रिय हो गई।

## विलोम शब्द (पृष्ठ संख्या 77)

प्रश्न 1 आशा - निराशा

- कठिन -
- आदर -
- अँधेरा -



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

- आकार -
- इच्छा -

उत्तर-

- आशा - निराशा
- कठिन - सरल
- आदर - अनादर
- अँधेरा - उजाला
- आकार - निराकार
- इच्छा - अनिच्छा

## सही चिन्ह लगाओ (पृष्ठ संख्या 77)

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 1

| “ | ” | । | , | ? |
|---|---|---|---|---|

सुधा ने पूछा क्या मैं नाच सकूँगी डॉ. सेठी ने कहा क्यों नहीं प्रयास करो तो सब कुछ संभव है

उत्तर- सुधा ने पूछा, “क्या मैं नाच सूकँगी?” डॉ. सेठी ने कहा, “क्यों नहीं, प्रयास करो तो सब कुछ संभव है।”

## क्या पहले, क्या बाद में (पृष्ठ संख्या 77-78)

प्रश्न 2 नीचे सुधा चंद्रन के जीवन की कुछ घटनाएँ बताई गई हैं। इन्हें सही क्रम में लगाओ।

- सुधा डॉ. सेठी से मिली।
- सुधा नृत्य का फिर से प्रशिक्षण लेने लगी।
- सुधा ने प्रीति के साथ नृत्य किया।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- सुधा को अभिनय के लिए विशेष पुरस्कार मिला।
- सुधा का पैर काटना पड़ा।
- सुधा ने नृत्य विद्यालय में प्रवेश लिया।

उत्तर-

- सुधा ने नृत्य विद्यालय में प्रवेश लिया।
- सुधा का पैर काटना पड़ा।
- सुधा डॉ. सेठी से मिली।
- सुधा नृत्य का फिर से प्रशिक्षण लेने लगी।
- सुधा ने प्रीति के साथ नृत्य किया।
- सुधा को अभिनय के लिए विशेष पुरस्कार मिला।

## एक चुनौती (पृष्ठ संख्या 78)

प्रश्न 1 शारीरिक शब्द में एक साथ ि ी की मात्राओं का प्रयोग होता है। तुम भी ऐसे ही अन्य शब्द खोजो और यहाँ लिखो।

नमूना-

| | | |
|---|---|---|
| विनती | शारीरिक | नीति |

उत्तर-

| | | |
|---|---|---|
| विनती | शारीरिक | नीति |
| किसकी | इसीलिए | बिजली |
| हिन्दुस्तानी | मिट्टी | चिकनी |
| सीमित | सीपियों | विद्यार्थी |

## खोजबीन (पृष्ठ संख्या 78)



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 1 सुधा के जीवन पर फ़िल्म बनी थी। कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम पता करो और लिखो, जिनके जीवन पर फ़िल्में बनाई गई हों।

उत्तर- निम्नलिखित लोगों के जीवन पर फ़िल्में बनी थीं-

- हेले केलर के जीवन पर आधारित फ़िल्म बनी थी- 'इन द मिरिकल वर्कर'
- जॉन नेश के जीवन पर आधारित फ़िल्म बनी थी- 'ए ब्युटीफूल माइंड'

प्रश्न 2 सुधा यात्रा के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। पता करो कि यात्रा के दौरान दुर्घटना से कैसे बचा जा सकता है? सावधानियों की सूची बनाओ।

उत्तर-

- यात्रा के दौरान दुर्घटना से इस प्रकार की सावधानियाँ रखकर बचा जा सकता है-
- यात्रा करते समय गाड़ी चालक को सजगता से गाड़ी चलानी चाहिए।
- गाड़ी चलाते समय यदि कोई चालक फोन पर बात कर रहा है, तो उसे रोकना चाहिए।
- अन्य किसी व्यक्ति को बस चालक से बात नहीं करनी देनी चाहिए।
- बस चालक के सामने सोना नहीं चाहिए।
- स्वयं सजग रहना चाहिए क्योंकि दुर्घटना कह कर नहीं आती है।
- बस में अपने साथ हमेशा दवाइयाँ तथा मरहम पट्टी की वस्तुएँ रखनी चाहिए।
- खराब मौसम में यात्रा नहीं करनी चाहिए।
- यदि मौसम खराब हो, तो बस या गाड़ी को कुछ समय के लिए रुकवा देना चाहिए।
- कोहरे के समय कम गति में गाड़ी चलानी चाहिए और अपने से आगे चलने वाली गाड़ी का अनुसरण करना चाहिए।
- यदि कोई गाड़ी चालक ओवर टेक करने का प्रयास करता है, तो उसे समझाना चाहिए।
- अत्यधिक गति में गाड़ी नहीं चलानी चाहिए।
- यदि कोई हादसा हो जाता है, तो शीघ्र आपातकालीन नंबर पर फोन करके सहायता मँगानी चाहिए।

प्रश्न 3 क्या तुम किसी विकलाँग व्यक्ति को जानते हो? उसके बारे में बताओ।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- मेरी दीदी के कंप्यूटर सर बचपन से विकलांग है। उनके दोनों पैर पोलियो के कारण खराब हो गए थे। उनका परिवार उनकी इस स्थिति से दुखी था। परन्तु उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपनी पढ़ाई आरंभ रखी और साथ ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ाया। आगे चलकर उन्होंने गरीब बच्चों के लिए कंप्यूटर विद्यालय खोला। वह अपने खाली समय पर उन्हें शिक्षित करते हैं।

प्रश्न 4 कुछ ऐसे विकलाँग व्यक्तियों के नाम लिखो जिन्होंने जीवन में विशेष सफलता प्राप्त की है।

उत्तर- विकलांग व्यक्ति जिनका विकलांगता भी कुछ नहीं बिगाड़ पायी, उनके नाम इस प्रकार हैं-

1. लुई ब्रेल जो की ब्रेल लिपि की आविष्कारक थीं। वह बचपन से अंधी थी। इन्होंने ब्रेल लिपि का निर्माण कर लाखों अंधी आँखों को जीवन दिया है।
2. स्टीफन हॉकिंग यह प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक है। 21 साल की उम्र में इन्हें घातक रोग हो गया था, जिससे इनका सारा शरीर लकवाग्रस्त हो गया। परन्तु इन्होंने हार नहीं मानी और आज भी डटे हुए हैं और मानव सभ्यता के विकास के प्रति कार्यरत्त हैं।

प्रश्न 4 भारत के कुछ नृत्यों और नर्तक/ नर्तकियों के नाम पता करो और कक्षा में सबको बताओ।

उत्तर- भारत के कुछ नृत्यों और नर्तक/ नर्तकियों के नाम इस प्रकार हैं-

- आनन्दा शंकर जयन्त (भारतनाट्यम)
- प्रेरणा श्रीमाली (कथक)
- कलामंडलम के जी वासुदेवन (कथकली)
- पंजोउबम इबोतोन सिंह (मणिपुरी)
- वैजयन्ती काशी (कुचीपुरी)
- अरुणा महान्ती (ओडिसी)

प्रश्न 5 पता करो भारत में मैग्सेसे पुरस्कार किन-किन व्यक्तियों को मिला है।

उत्तर-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विनोबा भावे (1958) | 25. | बाबा आमटे (1985) |
| 2. | सी.डी. देशमुख (1959) | 26. | लक्ष्मीचंद जैन (1989) |



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

## 13 नृत्यांगना सुधा चंद्रन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | अमिताभ चौधरी (1961) | 27. | के.वी. सुबन्ना (1991) |
| 4. | मदर टैरेसा (1962) | 28. | पंडित रविशंकर (1992) |
| 5. | दारा एन. खुरोदी (1963) | 29. | बानू कोयाजी (1993) |
| 6. | त्रिभुवनदास के पटेल (1963) | 30. | किरण बेदी (1994) |
| 7. | वर्गीज कुरीयन (1963) | 31. | टी.एन.शेषण (1996) |
| 8. | जय प्रकाश नारायण (1965) | 32. | पांडुरंग अठावले (1996) |
| 9. | कमला देवी चटोपाध्याय (1966) | 33. | महेश चन्द्र मेहता (1997) |
| 10. | सत्यजीत रे (1967) | 34. | महाश्वेता देवी (1997) |
| 11. | एम.एस.स्वामीनाथन (1971) | 35. | जॉकिन अर्पुथम (2000) |
| 12. | एम.एस.सुब्बलक्ष्मी (1974) | 36. | अरुणा राय (2000) |
| 13. | बी.जी.वर्गीज (1975) | 37. | राजेंद्र सिंह (2001) |
| 14. | शम्भु मित्रा (1976) | 38. | संदीप पांडेय (2002) |
| 15. | इला रमेश भट्ट (1977) | 39. | शांता सिन्हा (2003) |
| 17. | राजनकांत अरोल (1979) | 40. | जेम्स माइकल लिंगदोह (2003) |
| 18. | माबेला आरोल (1779) | 41. | लक्ष्मी नारायण रामदास (2003) |
| 19. | गौर किशोर घोष (1981) | 42. | वी.शांता (2005) |
| 20. | प्रमोद करण सेठी (1981) | 43. | अरविंद केजरीवाल (2006) |
| 21. | चण्डी प्रसाद भट्ट (1982) | 44. | पी.साईनाथ (2007) |
| 22. | मनीभाई देसाई (1982) | 45. | नीलिमा मिश्रा (2011) |
| 23. | अरुण शौरी (1982) | 46. | हरीश हांडे (2011) |
| 24. | आर.के. लक्ष्मण (1984) | 47. | कुलांदेई फ्रांकिस (2012) |

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)